E-Mail id: - eegraminbla@gmail.com
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बलिया।
श्रीराम विहार कालोनी, बलिया

पत्रांक 1160 / जे0जे0एम0 /319 दिनांकः 24 /07 /2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
बलिया।

विषयः– पेपर कटिंग हिन्दुस्तान समाचार पत्र में दिनांक 12.07.2026 को प्रकाशित खबर "सड़क पर धान रोप कर ग्रामीणों ने जताया विरोध" पर आख्या प्रेषण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक हिन्दुस्तान समाचार पत्र में दिनांक 12.07.2026 को प्रकाशित खबर **"सड़क पर धान रोप कर ग्रामीणों ने जताया विरोध "** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त प्रकाशित खबर विकास खण्ड नगरा से सम्बन्धित है। जिसमें जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत निर्माणाधीन सतही स्रोत आधारित मनियर ग्राम समूह पाइप पेयजल योजना अन्तर्गत डी0 आई0 क्लियर वाटर राइजिंग मेन पाइप लाइन बिछाने का कार्य सम्बन्धित फर्म के द्वारा कराया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत ग्राम मालीपुर–किडिहरापुर नहर मार्ग पर पाइप लाइन बिछाने के दौरान की गयी रोड कटिंग को तत्समय अस्थाई पुर्नस्थापन का कार्य कर दिया गया था। इसके अतिरिक्त पाइप लाइन टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है जिसे पूर्ण कर स्थाई पुर्नस्थापन का कार्य यथाशीघ्र ही पूर्ण कर लिया जायेगा। वर्तमान में वर्षा के पानी के कारण उक्त मार्ग आंशिक रूप से शेटल हो गयी है जिसके पुनः मरम्मत का कार्य प्रगति पर है।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय

(पी0के0वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), 6–राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,नमामि गंगे तथा(ग्रामीण), जलापूर्ति विभाग, किसान बाजार, विभूति खण्ड गोमती नगर, लखनऊ।
3. मुख्य अभियंता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. जिला सूचना सम्पर्क अधिकारी, बलिया।

अधिशासी अभियन्ता